हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 20 जून 2026

04 दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे और धारदार...



07 हाट बाजार अव्यवस्था की जद में, जाम और ठेलों...





## खबर संक्षेप

### पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून

**सीहोर।** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 की छात्रवृत्ति हेतु MPTAAS पोर्टल पर आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। जिन विद्यार्थियों ने अभी तक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नहीं किया है वे अंतिम तिथि से पहले आवेदन कर दें। इसके साथ ही जिले की सभी शैक्षणिक संस्थाओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी संस्था में अध्ययनरत सभी पात्र विद्यार्थियों से छात्रवृत्ति का आवेदन कराएं।

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का दौरा कार्यक्रम

**सीहोर।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 21 जून को प्रातः 11:30 बजे इछावर पहुंचेंगे और लोक कल्याण शिविर में शामिल होंगे। इसके बाद वे 03 बजे भैरूंदा पहुचेंगे और लोक कल्याण शिविर में शामिल होंगे। इसके बाद वे 06 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### 30 जून तक चलेगा विशेष अभियान

**सीहोर।** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश ने देश में एक गौरवशाली और ऐतिहासिक उपलब्धि अर्जित की है। राज्य शासन, नगरीय निकायों तथा ऋणदाता संस्थाओं के समर्पित प्रयासों एवं सक्रिय सहयोग से प्रदेश में अब तक 10 लाख से अधिक पथ विक्रेताओं को सफलतापूर्वक लाभान्वित कर उनके स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त किया जा चुका है। इस योजना की पहुँच को अंतिम छोर तक और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में 01 जून 2026 से विशेष अभियान संचालित किया जा रह है, जो 30 जून तक चलेगा।

### सिकल सेल दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**सीहोर।** विश्व सिकल सेल दिवस पर सीहोर के गल्ल मंडी स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर संजीवनी क्लिनिक पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था में आए मरीजों को सिकल सेल रोग के बारे में जानकारी दी गई और इसके लक्षणों, उपचार और बचाव के बारे में जागरूक किया गया। इसके साथ ही सभी का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

---

व्यापारी बोले, किसानों पर ही निर्भर हैं बाजार, अच्छी फसल आने पर ही होती है बाजारों में रौनक


# मानसून की बेरुखी ने बढ़ाई चिंता, अब तक नहीं आया खेतों में सूखा पड़ा तो बाजारों में पसर जाएगा सन्नाटा

ई-टोकन, डीजल की किल्लत के बाद अब किसानों के सामने मानसून की प्राकृतिक परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला पूरी तरह से कृषि प्रधान है और यहां की 80 फीसदी आबादी ग्रामीण अंचलों में बसती है। जिले के बाजार पूरी तरह से किसानों पर ही निर्भर हैं। खेत में अच्छी फसल मतलब बाजार में रौनक और अगर फसल पर संकट तो बाजार से रौनक गायब। जबकि इस बार अलनीनो के असर ने मानसून की रफ्तार पर ऐसा ब्रेक लगाया है कि जून का आधा महीना बीत जाने के बाद भी आसमान से राहत की एक बूंद नहीं बरसी है। आमतौर पर 15 जून तक आने वाला मानसून 19 जून तक भी नहीं आ सका है और मौसम विभाग की मानें तो अभी एक हफ्ते से ज्यादा का समय और लग सकता है।

बता दें इस सूखे की आहट सिर्फ खेतों तक सीमित नहीं है। जिला मुख्यालय सहित आष्टा, बुदनी, रेहटी, भैरुंदा और इछावर के प्रमुख बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है और व्यापारियों के चेहरे पर चिंता साफ देखी जा सकती है। बारिश नहीं होने से जहां किसान चिंतित है तो दूसरी और बाजारों में व्यापारी भी निराश नजर आ रहे हैं। व्यापारियों का सीधा सा तर्क है कि अच्छी फसल आने पर ही बाजार चमकेगा, नहीं तो पूरा धंधा ही चौपट हो जाएगा।



### इंद्रदेव को मनाने गाए लोक गीत

खरीफ फसलों की पैदावार को लेकर किसानों में असमंजस और डर का माहौल है। अब भगवान इंद्रदेव को मनाने के लिए ग्रामीण इलाकों में जतन शुरू हो गए हैं। जिला मुख्यालय के पास स्थित ग्राम चंदेरी में किसान एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में किसानों ने खेतों में बैठकर ढोलक-मंजीरे की थाप पर पारंपरिक लोकगीत गाए और अच्छी बारिश के लिए सामूहिक प्रार्थना की। किसानों का कहना है कि हर साल जून के दूसरे सप्ताह तक पानी आ जाता था, लेकिन इस बार आसमान में बादलों का नामोनिशान नहीं है। किसान खेतों की जुताई कर तैयारियां पूरी कर चुके हैं, लेकिन सूखी मिट्टी बोवनी की इजाजत नहीं दे रही है। अगर दो-चार दिनों में पानी नहीं गिरा तो बोवनी का सही समय निकल जाएगा।

### खाद की कतार, डीजल के नियम और अब मौसम की मार

जिले के किसानों के लिए परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। किसान पहले ही ई-टोकन के माध्यम से खाद हासिल करने के लिए कतारों में धक्के खा रहा था। इसके बाद प्रशासन का यह नया नियम कि ट्रैक्टर में केवल दो हजार रुपये का ही डीजल मिलेगा, केन में नहीं, उसने किसानों की मुसीबत और बढ़ा दी। इन सब प्रशासनिक मार के बाद अब मानसून की बेरुखी ने अन्नदाता को पूरी तरह संकट में डाल दिया है।

### किसान के पास पैसा होगा, तभी तो चलेगा बाजार

बता दें ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सीधा असर जिले के बाजारों में देखने को मिल रहा है। स्थानीय व्यापारियों ने खुलकर अपनी चिंता जाहिर की है। कपड़ा व्यवसायी लखन वर्मा ने बताया कि हमारा आधा से ज्यादा व्यापार ग्रामीण ग्राहकों पर टिका है। मानसून लेट होने से किसान अभी बोवनी ही नहीं कर पाया है। जब किसान की फसल ही नहीं आएगी और उसकी जेब में पैसा नहीं होगा तो वह शहर आकर कपड़े या गाड़ी क्यों खरीदेगा, पूरा मार्केट सुस्त पड़ा है। किराना व्यापारी अनिल सिसोदिया ने बताया कि बोवनी लेट होने की आशंका से दालें और खाद्य तेल के दाम अभी से बढ़ने लगे हैं। अगर किसानों की लागत बढ़ी तो बाजार में हर चीज महंगी होगी और इसका सीधा असर आम आदमी की रसोई के बजट पर पड़ेगा।

### बढ़ सकता है आर्थिक संकट

जानकारों के मुताबिक यह चिंता गलत नहीं है। बाजार की इस मंदी का असली कारण इन सूखे खेतों में छुपा है। यदि समय रहते पानी नहीं बरसा तो फसलों का उत्पादन घटेगा, जिससे महंगाई तेजी से बढ़ेगी। नतीजतन अब भगवान इंद्र को मनाने के लिए जतन शुरू हो गए हैं।

---

# अब तक 8 अवैध कॉलोनियों को प्रशासन ने किया टारगेट रसूखदारों के 'अवैध साम्राज्य' पर भी जल्द चलेगा बुलडोजर

**बुधवार को गणेश रोड तो शुक्रवार को आक्सफोर्ड स्कूल के पीछे चार अवैध कालोनियों पर हुई कार्रवाई**

**सीहोर।** शहर में बिना अनुमति और अवैध रूप से काटी जा रही कॉलोनियों के खिलाफ राजस्व महकमे ने अपनी कार्रवाई को और तेज कर दिया है। प्रशासन ने अब तक कार्रवाई करते हुए 8 अवैध कॉलोनियों को टारगेट करते हुए बाउंड्रीवाल-सडक़ों को तोड़ा है। इसी कड़ी में जहां बुधवार को चार अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चला था, वहीं शुक्रवार को भी हिमांश गार्डन के आगे चाणक्यपुरी में बचपन प्ले स्कूल के बीच स्थित अवैध चार निर्माणों पर कार्रवाई हुई है।

बता दें अवैध कालोनियों पर कार्रवाई की शुरुआत बुधवार से हुई है। प्रशासयनिक अमले ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के पास और गणेश मंदिर रोड स्थित अवैध कॉलोनियों में बनी बाउंड्रीवॉल, सडक़ों को जेसीबी की मदद से पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है।



### प्रशासन को लगी लालच की भनक

जमीन के इस अवैध कारोबार में अब एक बहुत बड़े फर्जीवाड़े की बात सामने आई है। सूत्रों के अनुसार प्रशासन को भी पुख्ता भनक लगी है कि कुछ शातिर भूमाफिया निवेशकों को फंसाने के लिए 50 एकड़ जमीन पर काटे जा रहे फार्महाउस को बेचने के लिए सीहोर में मेट्रो रेलवे स्टेशन आने का झूठा और लुभावना लालच दे रहे हैं। मेट्रो के नाम पर करोड़ों रुपये के अवैध फार्म हाउस बेचे जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि प्रशासन ने इस फर्जीवाड़े को बेहद गंभीरता से लिया है और ऐसे लोगों के अवैध साम्राज्य को ढहाने के लिए रणनीति तैयार कर ली है, जिस पर जल्द ही बड़ा एक्शन देखने को मिलेगा।

### नियमों के तहत हुई कार्रवाई, दो दर्जन से अधिक को नोटिस

तहसीलदार अमित सिंह ने साफ किया कि प्रशासन बिना किसी दबाव या भेदभाव के पूरी तरह नियमों के तहत काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि जिन कॉलोनाइजरों के निर्माण बुधवार व शुक्रवार को तोड़े गए हैं, उन्हें पहले ही वैधानिक नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने अवैध निर्माण कार्य जारी रखा। तहसीलदार ने कहा कि अब तक 8 कॉलोनियों पर सीधा एक्शन लिया जा चुका है और शहर की करीब दो दर्जन अन्य अवैध कॉलोनियों को भी चिन्हित कर नोटिस जारी किए जा चुके हैं। यदि वे तय समय सीमा के भीतर वैध अनुमति के कागजात प्रस्तुत नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ भी इसी तरह बिना किसी भेदभाव के बुलडोजर चलाने की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

# किसान को खेत में दिखा टाइगर ग्रामीणों में दहशत का माहौल

**रेहटी ।** शेर सुनने में मजा आता है, शेर सुनाने में भी मजा आता है, लेकिन जब शेर सामने आ जाए तो फिर... ऐसा ही हुआ रेहटी तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत बारधा में भी हुआ। यहां बीती रात जंगल से भटककर एक टाइगर रिहायशी इलाके के पास आ पहुंचा। ग्रामीणों का दावा है कि टाइगर को देखकर पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और आस-पास के गांवों में दहशत का माहौल बन गया।

दरअसल किसान मिट्ठूलाल युदवंशी रात के समय अपने खेत में ट्रैक्टर चला रहा था। इस दौरान अचानक एक टाइगर खेत में आ धमका। ट्रैक्टर की रोशनी में टाइगर को इतनी नजदीक देखकर वहां मौजूद किसान के होश उड़ गए। इस मौजूद साथी ने अपने मोबाइल फोन से टाइगर का वीडियो भी बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। राहत की बात यह रही कि टाइगर कुछ देर खेत में रुकने के बाद वापस सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर लौट गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। भले ही टाइगर वापस जंगल में चला गया है, लेकिन गांव के बिल्कुल नजदीक उसकी मौजूदगी से आस-पास के आधा दर्जन से अधिक गांवों में भारी भय का माहौल है। बारधा के साथ-साथ पड़ोसी ग्राम खेरी, बोरधी, झोलियापुर, जमोनिया, भड़कुल और आमडो के ग्रामीण बेहद डरे हुए हैं। किसानों को अब रात के समय खेतों में जाने और फसल की रखवाली करने में डर लग रहा है। ग्रामीणों द्वारा इस पूरी घटना की जानकारी तुरंत वन विभाग की टीम को दे दी गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाए, ताकि भविष्य में हिंसक वन्यजीवों के हमले से ग्रामीणों और मवेशियों को बचाया जा सके। वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने और रात के समय अकेले खेतों की ओर न जाने की सलाह दी है।



### प्राकृतिक खेती विषय पर एक दिवसीय किसान संगोष्ठी आयोजित

**सीहोर।** कृषि विभाग द्वारा जनकल्याण अभियान एवं आत्मा योजना के अंतर्गत सीहोर के आरएके कॉलेज में "प्राकृतिक खेती" विषय पर एक दिवसीय खरीफ कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा आयोजन किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती की तकनीकों से अवगत कराना, रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के दुष्प्रभावों की जानकारी देना तथा पर्यावरण अनुकूल एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने हेतु प्रेरित करना था। कार्यक्रम में किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही किसानों को खरीफ मौसम में सोयाबीन की उन्नत खेती के लिए रेज्ड बेड फर्रो तकनीक से बुवाई करने के लाभ बताए गए। किसानों को गोबर, गोमूत्र, गुड़ एवं बेसन की सहायता से जीवामृत, घनजीवामृत, बीजामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र एवं अन्य जैविक कीट नियंत्रकों को तैयार करने की विधि समझाई गई और जीवमृत के लाभ के बारे में भी बताया गया। इसके साथ ही योजनाओं एवं तकनीकी सहायता की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष मानसिंह, जितेन्द्र सिंह गौर, डॉ. आई.एस. तोमर, कृषि उप संचालक अशोक कुमार उपाध्याय, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक जी.एस. गाठिये, डॉ. डी.के. पपाती, सहायक संचालक अनिल कुमार जाट, सहायक तकनीकी प्रबंधक पल्लवी जैन सहित किसान उपस्थित थे।

### चोरी का खुलासा : एक बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार




**सीहोर।** फरियादी राहुल पंवार निवासी सर्वरा कॉलोनी ने रिपोर्ट किया कि 23 मई की रात्रि मे अतरालिया मंडी जोड़ से कोई अज्ञात चोर इसकी हीरो होंडा मोटर साइकिल चोरी कर ले गया जिसकी तलाश करने पर नहीं मिलने पर थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई जिसकी रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 342/26 धारा 303(2)बीएनएस का पंजीबद्द कर अनुसंधान मे लिया गया।

घटना के पश्चात सीहोर पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के द्वारा चोरी गई सम्पत्ति की बरामदगी और अज्ञात चोर की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनिता रावत व एसडीओपी रोशन जैन के मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना प्रभारी भैरूँदा द्वारा उपरोक्त चोरी के अपराध अनुसंधान हेतु टीम गठित की गई थी, टीम द्वारा सीसीटीवी कैमरा की मदद से संदेही की पहचान की गई और फरियादी और मुखबिर सूचना के आधार पर संदेही अभिषेक मीणा पिता भगवत सिंह मीणा उम्र 19 साल निवासी ग्राम बिजला को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई जिसके द्वारा अपराध करना स्वीकार किया गया एवं आरोपी अभिषेक मीणा के बताएं अनुसार सर्वमंगलम गार्डन के सामने परिसर के पीछे से चोरी गई मोटरसाइकिल हीरोहोंडा डीलक्स MP37MR5547 को विधिवत ज़प्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया1 गिरफ्तारी पश्चात आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया, जेल वारंट मिलने पर आरोपी को जेल दाखिल कराया गया।

# डॉग बाइट की घटनाओं को रोकने और आवारा कुत्तों के प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश

**सीहोर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा हाल ही में उज्जैन में घटित हुई डॉग बाइट की घटना को दृष्टिगत रखते हुए जिले के सभी जनपदों एवं नगरीय निकायों के अधिकारियों को जिले में घूमने वाले आवारा कुत्तों के प्रभावी नियंत्रण के लिये विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये गये है।

अभियान के अंतर्गत निरीक्षण कर आवारा कुत्तों को चिन्हित किया जाएगा। इसके साथ ही कुत्तों का आवश्यकतानुसार परीक्षण कर रोगों से पीड़ित या आक्रामक कुत्तो के उपचार, वैक्सीनेशन और शेल्टर स्थल में रखे जाने का कार्य भी किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव स्वप्नश्री सिंह ने बताया कि डॉग बाइट की घटनाओं को रोकने के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा भी पूर्व में दिशा निर्देश जारी किए जा चुके हैं, जिनका पालन सुनिश्चित करने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जाएगा।

---

अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

# योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य बारेलाल अहिरवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण एवं विकास से संबंधित विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में विभागों द्वारा योजनाओं की वर्तमान स्थिति एवं उपलब्धियों की जानकारी प्रस्तुत की गई। उन्होंने अधिकारियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से पहुंचाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखने तथा लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर विशेष बल दिया। उन्होंने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए अनुसूचित जाति वर्ग के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।



बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, संयुक्त कलेक्टर रविंद्र परमार, जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक अरविंद कुशवाह, कैलाश बगाना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# छत से घर में घुसे चोरय, 11 लाख के जेवर व नकदी लेकर फरार, संदेह- बदमाशों ने पहले रैकी की

**सीहोर।** इछावर नगर में एक बार फिर चोरी की बड़ी वारदात हो गई। खेड़ीपुरा स्थित राजेश श्रीवास्तव के घर से चोर गुरुवार देर रात करीब 11 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए। बड़ी सफाई से वारदात को अंजाम दिया। सुबह घटना की जानकारी मिली।

जिस तरह से चोरी को अंजाम दिया गया है, उससे यह आशंका जताई जा रही है कि बदमाशों को घर और परिवार की गतिविधियों की पहले से जानकारी थी। स्थानीय लोगों के बीच इस वारदात में किसी परिचित की संलिप्तता की भी चर्चा है, हालांकि इसकी पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए छानबीन में जुटी है और संदिग्धों की तलाश कर रही है।



**एक साल में दर्जनों वारदातें, पुलिस के हाथ अब भी खाली :** यह कोई पहली घटना नहीं है। बीते एक साल में इछावर में कई बड़ी चोरियां हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली के कारण आज तक कोई बड़ा खुलासा नहीं हो सका। हर बार की तरह इस बार भी पुलिस ने मामला तो दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### मलेरिया निरोधक माह के तहत चलाया जा रहा जागरूकता रथ



सीहोर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया निरोधक माह के अंतर्गत जिले में मलेरिया जन-जागरूकता रथ चलाया जा रहा है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ क्षमा वर्बे ने बताया कि वर्षा ऋतु के प्रारंभ होते ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। इसे नियंत्रित करने के लिए जिले के सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लिए एक विशेष माइक्रो-प्लान रूट चार्ट तैयार किया गया है। जागरूकता रथ हर ब्लॉक के सुदूर गांवों तक पहुंचकर लोगों को मच्छर जनित बीमारियों के प्रति सचेत कर रहा हैं। जागरूकता रथ पर लगे लाउडस्पीकरों, बैनर-पोस्टर और सूचनात्मक पंपलेट के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा ग्रामीणों को समझाइश दी जा रही है कि वे हर रविवार को 'ड्राई डे' के रूप में मनाएं, जिसमें कूलर, टंकियों और पुराने बर्तनों का पानी खाली कर सुखाया जाए। साथ ही, सोते समय अनिवार्य रूप से मच्छरदानी का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है। इसके साथ ही नागरिकों से अपील की जा रही है कि मानसून के दौरान किसी भी प्रकार के बुखार को नजरअंदाज न करें। बुखार आने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें।

### रेहटी तहसील के ग्राम बरखेड़ा का मामला, दोनों पक्षों ने दर्ज कराई एफआईआर

# दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे और धारदार हथियार, महिलाओं सहित कई लोग घायल हुए

फरियादिया ने आरोप लगाया है कि घटना के दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। मारपीट के दौरान कुछ मोबाइल फोन भी क्षतिग्रस्त हो गए।



हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

परिवार में ढाई एकड़ जमीन को लेकर चल रहा विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। इस दौरान परिवार के ही दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। इसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। कई महिलाएं भी घायल हैं। इस मामले में रेहटी थाने में दोनों पक्षों की तरफ से मामला दर्ज कराया गया है।

जानकारी के अनुसार रेहटी थाना क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे एवं धारदार हथियार चलने से महिलाओं सहित कई लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल सात लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम रेफर किया गया है।

#### किराए का ट्रैक्टर लेकर बखरने गए, तभी हुआ हमला

फरियादी मनोहर यादव पिता स्व. रामविलास यादव उम्र 35 साल निवासी बरखेड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका जमीन को लेकर भीम सिंह यादववंशी, अर्जुन सिंह यादववंशी के साथ पिछले एक वर्ष से विवाद चल रहा है। गत दिवस वे स्वयं, भतीजा दुर्गेश यादववंशी, मां भगवती बाई किराए का ट्रैक्टर लेकर खेत बखरने गए थे। इसी दौरान भीम सिंह यादववंशी, अर्जुन सिंह यादववंशी और अभिषेक यादववंशी ट्रैक्टर के आगे आकर खड़े हो गए। साथ ही गंदी-गंदी गालियां देकर खेत बखरने का मना करने लगे।

जब उनसे गाली नहीं बकने का मना किया तो वे लोग लाठी-डंडे लेकर आए और मारपीट करने लगे। इसी दौरान मेरा भाई संतोष, उसकी पत्नी, मेरी भाभी बीच-बचाव करने आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई।

इसमें मेरी मां, भाई, उसकी धर्मपत्नी, भाभी और भतीजे सहित मुझे भी गंभीर चोट आई है। मेरा सिर भी फट गया है। भीम सिंह, अर्जुन सिंह, अभिषेक, धनराज और हेमराज यादववंशी ने जान से मारने की धमकी भी दी है। फरियादी ने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**विवादित भूमि पर जुताई की, रोका तो हमला कर दिया** : रवीना यादववंशी उम्र 22 निवासी ग्राम बरखेड़ा ने थाना रेहटी में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पिछले वर्ष राजस्व विभाग द्वारा कराई गई नपती में करीब 2.5 एकड़ भूमि उनके परिवार के पक्ष में निकली थी। इसी भूमि का कब्जा 30 अप्रैल 2026 को राजस्व विभाग द्वारा उन्हें दिलाया गया था। तभी से उक्त जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। फरियादिया के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 11 बजे वह अपने परिजनों के साथ खेत पर कार्य कर रही थी। इसी दौरान दूसरे पक्ष के लोग ट्रैक्टर लेकर पहुंचे और विवादित भूमि पर जुताई करने लगे। विरोध करने पर दोनों पक्षों में पहले कहासुनी हुई, जिसके बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। रिपोर्ट में आरोप है कि मनोहर सिंह, रामकृष्ण, संतोष, दुर्गेश, शर्मिला सहित अन्य लोगों ने कुल्हाड़ी, दातरा और डंडों से हमला कर भीम सिंह, अर्जुन सिंह, अभिषेक, कामराज, गोविंद, भोलाराम, धनराज और हेमराज के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंची रवीना के साथ भी कथित रूप से मारपीट की गई, जिससे उसे भी चोटें आईं। घटना में कई लोगों के सिर, हाथ, पीठ और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को पहले शासकीय अस्पताल रेहटी ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर भीम सिंह, अर्जुन सिंह, अभिषेक, कामराज, गोविंद, भोलाराम और धनराज को जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम रेफर किया गया। फरियादिया ने आरोप लगाया है कि घटना के दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। मारपीट के दौरान कुछ मोबाइल फोन भी क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर थाना रेहटी में अपराध क्रमांक 332/2026 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला कायम किया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी रेहटी राजेश कहारे ने बताया कि ग्राम बरखेड़ा में जमीन विवाद का मामला सामने आया है। दोनों पक्षों की तरफ से एफआईआर दर्ज की गई है। मामले की जांच कर रहे हैं। दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

#### ये है मामला

एक वर्ष पहले जमीन का सीमांकन हुआ। नपती में डिजिटल नक्शे के अनुसार ढाई एकड़ जमीन भीम सिंह और अर्जुन सिंह यादववंशी की तरफ निकली। हालांकि पुराने नक्शे में जमीन मनोहर यादव पिता रामविलास यादव के पास ही है। इसके बाद मनोहर यादव ने भी सीमांकन कराने की बात कही। इस दौरान एक पक्ष ने तहसील में धारा 250 का केस लगा दिया। मामला फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है। इस मामले में पहले भी कई बार आपसी विवाद हुए तो थाने में भी शिकायत की गई। अब यही लड़ाई खूनी संघर्ष में बदल गई।

## विपरीत हालातों में तुरंत निर्णय लेगी सीहोर पुलिस, मॉक ड्रिल में दिखा जवानों का दमखम

### पुलिस बल को कराया बलवा ड्रिल का अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित साप्ताहिक जनरल परेड का का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक सीहोर सोनाक्षी सक्सेना द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया।

परेड निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियो को ड्यूटी के दौरान उच्च स्तर का अनुशासन और सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए। भीड़ नियंत्रण और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश से परेड के उपरांत विशेष अभ्यास सत्र आयोजित किया गया।

**भीड़ नियंत्रण का व्यावहारिक ज्ञान:** परेड में शामिल सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को बलवा परेड का सघन अभ्यास कराया गया।

**अत्याधुनिक उपकरणों का समन्वय:** इस दौरान किसी भी अप्रिय या आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए विभिन्न सुरक्षा उपकरणों के सही इस्तेमाल और रणनीतिक समन्वय का प्रदर्शन किया गया।

**त्वरित निर्णय क्षमता:** अभ्यास का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल के जवानों में विपरीत परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी ढंग से कार्य करने की क्षमता को विकसित करना है।

इस अवसर पर एसडीओपी सीहोर पूजा शर्मा, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रविन्द्र यादव, थाना प्रभारी मंडी निरीक्षक सुनील मेहर, थाना प्रभारी श्यामपुर निरीक्षक स्वरूप सिंह, थाना प्रभारी अहमदपुर निरीक्षक रमन सिंह, प्रभारी यातायात सूबेदार बृजमोहन धाकड़ सहित 246 अधिकारी एवं कर्मचारियो ने भाग लिया ।

## बिना चीरा लगाए सफल ऑपरेशन से महिला को मिली राहत



**सीहोर।** अटल हॉस्पिटल, गंगा आश्रम सीहोर में आयोजित मेगा महिला स्वास्थ्य शिविर में आधुनिक चिकित्सा तकनीक के माध्यम से शुक्रवार को एक महिला का सफल ऑपरेशन कर बड़ी बच्चेदानी (गर्भाशय) निकाला गया। अस्पताल की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. मुदिता जैन तलेसरा ने बताया कि हाल ही में एक महिला उपचार के लिए अस्पताल पहुंची थी, जिसकी बच्चेदानी का आकार लगभग पांच माह के गर्भ के बराबर बढ़ गया था। डॉ. तलेसरा ने बताया कि महिला धार्मिक कारणों से पेट पर चीरा लगवाना नहीं चाहती थी। मरीज की इच्छा और स्वास्थ्य स्थिति को ध्यान में रखते हुए चिकित्सकीय टीम ने आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए बिना पेट पर चीरा लगाए ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के दौरान बच्चेदानी को नीचे के मार्ग से सफलतापूर्वक निकाला गया। पूरी प्रक्रिया सुरक्षित एवं सफल रही तथा मरीज की स्थिति पूरी तरह सामान्य है। विशेष बात यह रही कि महिला के पेट पर किसी प्रकार का चीरा नहीं लगाया गया। अटल अस्पताल में मेगा महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है अनेक महिलाओं के द्वारा शिविर में उपचार कराया जा रहा है।

## सनातन धर्म विश्व का सबसे प्राचीन धर्मः संत माधवदास महाराज

### ग्यारस पर किया जाएगा भजन संध्या और फलहारी खिचड़ी का वितरण



**सीहोर।** सनातन धर्म विश्व का सबसे प्राचीन धर्म है, जिसने सदैव वसुधैव कुटुम्बकम अर्थात संपूर्ण विश्व को एक परिवार मानने का संदेश दिया है। सनातन संस्कृति में सभी जीवों के प्रति प्रेम, दया और सम्मान का भाव सिखाया जाता है। आज के दौर में सभी माया के भक्त है, इसलिए भगवान पर भरोसा कम होता है जा रहा है। बच्चों में संस्कारों की कमी के कारण उनका जीवन नर्क होता जा रहा है। उक्त विचार शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर पर एक दिवसीय संत सम्मान कार्यक्रम का आयोजन को संबोधित करते हुए संत माधवदास महाराज ने कहे। इस मौके पर सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट, संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा, आयुष गुप्ता आदि ने केदरनाथ से शहर में आए साधु स्वरूपनंद गिरी का सम्मान किया।

संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने कहाकि आज के समय में व्यक्ति भौतिक सुख-सुविधाओं के पीछे भाग रहा है, जिसके कारण मानसिक अशांति और तनाव बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में सनातन धर्म के आदर्श और संस्कार जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं। भगवान की भक्ति, माता-पिता का सम्मान, गुरुजनों का आदर और समाज सेवा ही सच्चे धर्म के लक्षण हैं। सनातन धर्म किसी के प्रति द्वेष नहीं सिखाता, बल्कि प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का संदेश देता है। धर्म का उद्देश्य लोगों को जोड़ना और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। श्रद्धालुओं को नियमित पूजा-पाठ, सत्संग, दान-पुण्य एवं मानव सेवा के लिए प्रेरित किया गया। ग्यारस पर किया जाएगा खिचड़ी प्रसादी का वितरण

आगामी 25 जून को शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर पर एक दिवसीय भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर संस्कार मंच, श्रद्धा भक्ति सेवा समिति और मंदिर के द्वारा यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं का फलहारी खिचड़ी का वितरण किया जाएगा। मंदिर में प्रत्येक ग्यारस पर भगवान नृसिंह मंदिर में भजन मंडल के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाती है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भजन संध्या में आने की अपील की।

### मुख्य सचिव ने किया भाऊखेड़ी आजीविका पार्क का निरीक्षण

# मुख्य सचिव अनुराग जैन ने की महिलाओं की दक्षता और प्रस्तुतिकरण की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सीहोर जिले के इछावर स्थित भाऊखेड़ी आजीविका मनरेगा पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पार्क में संचालित विभिन्न आजीविका आधारित इकाइयों का विस्तृत अवलोकन किया तथा वहां विकसित किए गए मॉडल की सराहना की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. और स्व सहायता समूह की दीदियों ने मुख्य सचिव को पार्क की अवधारणा, संचालन व्यवस्था, विभागीय अभिसरण, प्रशिक्षण गतिविधियों तथा आजीविका संवर्धन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान भोपाल संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा भी उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने पार्क में संचालित खाद्य प्रसंस्करण इकाई, सौर ऊर्जा आधारित ड्रायर, पशु आहार उत्पादन इकाई, कस्टम हायरिंग सेंटर एवं फार्म मशीनरी, जैविक कीटनाशक उत्पादन केंद्र, गौशाला, मत्स्य पालन एवं हैचरी इकाई सहित अनेक इकाइयों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव अनुराग जैन ने पार्क में तैयार किए जा रहे ऑर्गेनिक उत्पादों का अवलोकन करते हुए उनके सर्टिफिकेशन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि उत्पादों का प्रमाणन होने से उनकी गुणवत्ता को औपचारिक मान्यता मिलेगी, जिससे बाजार में उनकी मांग बढ़ेगी और उत्पादों के बेहतर मूल्य प्राप्त हो सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पार्क में स्थापित मशीनरी और उपलब्ध अधोसंरचना की तुलना में उत्पादन की वर्तमान क्षमता अपेक्षाकृत कम है तथा उपलब्ध संसाधनों का पूर्ण उपयोग किया जाना चाहिए।

विभिन्न इकाइयों के निरीक्षण के दौरान स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने उन्हें संचालन प्रक्रिया, उत्पादन गतिविधियों और अपने अनुभवों की विस्तार से जानकारी दी। महिलाओं की आत्मविश्वास पूर्ण प्रस्तुति और तकनीकी समझ से प्रभावित होकर मुख्य सचिव ने उनकी सराहना करते हुए कहा कि यह अत्यंत सकारात्मक और प्रेरणादायक स्थिति है कि महिलाएं न केवल इन इकाइयों का सफलतापूर्वक संचालन कर रही हैं, बल्कि उनके प्रत्येक पहलू की गहन जानकारी और व्यावहारिक अनुभव भी रखती हैं। उन्होंने इसे महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक नेतृत्व का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में उपयोग किए जाने वाले उत्पाद जैसे पशु आहार, जैविक कीटनाशक सहित अन्य उत्पादों की शुद्धता और प्रमाणिकता का ग्रामीण स्तर पर अधिक से अधिक प्रचार प्रसार और विस्तार करना होगा, ताकि उत्पादों का विक्रय अधिक से अधिक हो और व्यापार को विस्तार मिल सके। जिससे महिलाओं की आमदानी में बढ़ोत्तरी होगी। इसी तरह जैविक उत्पादों की ब्रॉडिंग करनी होगी ताकि मार्केट में अपनी अलग पहचान बनाई जा सके और समकक्ष उत्पादों के बीच प्रतिस्पर्धा में खुद के उत्पाद को स्थापित किया जा सके। उन्होंने कलेक्टर एवं संबंधित अधिकारियों को इस पर कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर उन्होंने पौधारोपण भी किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने बताया कि आजीविका पार्क केवल उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि उत्पादन से लेकर संग्रहण, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और बाजार से जोड़ने तक की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला का प्रदर्शन करता है। इससे छोटे एवं सीमांत किसानों, महिलाओं और ग्रामीण परिवारों को बिना जोखिम के नई तकनीकों एवं उद्यमों को समझने और अपनाने का अवसर मिलता है। यह मॉडल ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने के साथ-साथ आजीविका के नए अवसर सृजित कर रहा है।

उन्होंने बताया कि इस पार्क के विकास में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, एटीएमए, नाबार्ड, आरजीएसए, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, अक्षय ऊर्जा विभाग, पीएमएफएमई तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित अनेक संस्थाओं का अभिसरण सुनिश्चित किया गया है। विभिन्न विभागों और योजनाओं के संसाधनों को एक मंच पर लाकर विकसित किया गया यह मॉडल प्रदेश में विभागीय समन्वय और संसाधन पूलिंग का उत्कृष्ट उदाहरण है।

भाऊखेड़ी आजीविका पार्क सीहोर जिले में ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, नवाचार और आजीविका विविधीकरण का एक अनूठा मॉडल बनकर उभरा है। पार्क की परिकल्पना ग्रामीण परिवारों, किसानों, महिलाओं एवं युवाओं के लिए एक ऐसे जीवंत प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन केंद्र के रूप में की गई है, जहां वे विभिन्न आजीविका मॉडलों को व्यवहारिक रूप से देखकर, समझकर और अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। "लर्निंग बाय डूइंग" की अवधारणा पर आधारित यह पार्क ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

भाऊखेड़ी आजीविका पार्क की उपलब्धियां भी उल्लेखनीय हैं। यहां आजीविका गतिविधियों से 150 से अधिक महिलाएं सीधे जुड़ी हुई हैं। पार्क में 16 से अधिक प्रमुख उद्यम सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर एसपी सोनाक्षी सक्सेना जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, एसडीएम स्वाति मिश्रा, जनपद सीईओ रूषाली पोरष, एनआरएलएम के डीपीएम दिनेश बर्फा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### पिता-चाचा के बाद बेटी इशनविता पंवार बनी सीए



**भैरुंदा।** संस्कार, मेहनत और शिक्षा के प्रति समर्पण जब एक साथ मिलते हैं, तो सफलता की ऐसी मिसाल बनती है जो पीढ़ियों तक प्रेरणा देती है। भैरुंदा के प्रतिष्ठित हवेली परिवार में ऐसा ही गौरवपूर्ण क्षण आया, जब अर्जुन सिंह पंवार की सुपुत्री कुमारी इशनविता पंवार ने चार्टर्ड अकाउंटेंट फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार और समाज का नाम रोशन किया।इशनविता की यह उपलब्धि केवल एक व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि पूरे कालोता समाज और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गई है। खास बात यह है कि उनके पिता अर्जुन सिंह पंवार पहले से ही भोपाल में एक प्रतिष्ठित CA के रूप में कार्यरत हैं, वहीं उनके चाचा तरुण पंवार भी इस क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुके हैं। अब एक ही परिवार में तीन-तीन होना अपने आप में एक प्रेरणादायक मिसाल है।

### कार्यशाला, रैली व शपथ का आयोजन किया गया

## समाज और युवाओं को नशे से दूर रखने 26 जून तक 'नशा मुक्त भारत सप्ताह' चलेगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में 17 से 26 जून तक 'नशा मुक्त भारत सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य समाज और युवाओं को नशे से दूर रखना है। इसी कड़ी में गुरुवार को कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

गायत्री शक्तिपीठ भवन हरदा में नशा मुक्ति कार्यशाला, रैली और स्वैच्छिक संस्थानों द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के उपसंचालक कमलेश सिंह ने बताया कि नशा मुक्ति सप्ताह के तहत विभिन्न विभागों के सहयोग से कई गतिविधियां, प्रतियोगिताएं और कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। इन कार्यक्रमों का मुख्य लक्ष्य समाज और विशेषकर युवाओं को व्यसनों से मुक्त करना है।

## मां फांसी के फंदे पर लटकी मिली, बेटी पानी के टैंक में

# मां-बेटी की मौत से क्षेत्र में शोक

### 10 माह का मासूम नानी के पैरों से लिपटकर रोता मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के बागकुआ क्षेत्र स्थित लक्ष्मण दा की बाड़ी में बुधवार रात सामने आई हृदय विदारक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। एक ही घर में मां और बेटी की मौत होने से क्षेत्र में शोक का माहौल है। घटना के समय घर में केवल 55 वर्षीय मधुबाला राठौर, उनकी 30 वर्षीय बेटी शीतल राठौर और शीतल का 10 माह का पुत्र मौजूद था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि शीतल राठौर का ससुराल पक्ष से कुछ समय से विवाद एवं मानसिक तनाव चल रहा था। आशंका जताई जा रही है कि इसी तनाव के चलते उसने घर में बने पानी टैंक में कूदकर आत्महत्या कर ली। बेटी की मौत का सदमा मां मधुबाला राठौर सहन नहीं कर सकीं और उन्होंने भी फांसी लगाकर जान दे दी। परिवार के मुखिया अशोक राठौर एमपीईबी में


मृतक शीतल राठौर


मृतक मधुबाला राठौर

लाइनमैन हैं, जबकि पुत्र धीरज राठौर बैंक में कार्यरत हैं। घटना के समय दोनों घर से बाहर थे। शाम करीब 7 बजे धीरज घर पहुंचे तो मुख्य दरवाजा अंदर से बंद मिला। अंदर से बच्चे के लगातार रोने की आवाज आ रही थी। कई बार आवाज देने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला तो उन्होंने पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा।

दरवाजा खुलते ही भीतर का दृश्य देखकर सभी स्तब्ध रह गए। शीतल का शव सेफ्टी टैंक में मिला, जबकि मधुबाला राठौर फांसी के फंदे पर लटकी हुई थीं। वहीं 10 माह का मासूम अपनी नानी के पैरों से लिपटकर रो रहा था। यह दृश्य देखकर मौके पर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। सूचना मिलते ही एसडीओपी अरविंद सिंह, थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी एवं पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू की। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। मधुबाला राठौर का अंतिम संस्कार सारंगपुर में किया गया, जबकि शीतल राठौर का अंतिम संस्कार उनके ससुराल पक्ष द्वारा किया गया।

**मामले की जांच की जा रही..**

मां-बेटी की अज्ञात कारणों से मौत की सूचना प्राप्त हुई थी। मौके पर पंचनामा कार्रवाई कर दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है। मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

**राहुल रघुवंशी**
थाना प्रभारी सारंगपुर।

# हाट बाजार अव्यवस्था की जद में, जाम और ठेलों की लाइन से राहगीर परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

जिले के प्रसिद्ध बुधवार को लगने वाले हाट बाजार में अव्यवस्थाओं का आलम है। कहीं जाम की स्थिति तो कहीं हाथ ठेले वाले विक्रेताओं की लाइन सही न होने से 'बाइक सवारों सहित पैदल राहगीरों को भारी परेशानी' का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को लगने वाले हाट बाजार में सीमेंट कांक्रीट वाले स्थान पर व्यवस्था उचित है। लेकिन अन्य स्थान जहां पर इस सीमेंट कांक्रीट के अलावा जो दुकानदार हाथ ठेलों पर सामान बेचने वाले विक्रेताओं, सब्जी विक्रेताओं सहित अन्य परचून सामान के विक्रेताओं के बैठने की 'समुचित व्यवस्था न होने से बाजार पूरी तरह अव्यवस्थित' हो चुका है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में यह हाट बाजार आवास कॉलोनी स्थित स्टेडियम परिसर तथा आवास कॉलोनी मुख्य रोड पर लगता था, जहां जाम और पैदल आवागमन अवरुद्ध होने की समस्या बनी रहती थी। इस समस्या को देखते हुए 'नगर परिषद ने खिलचीपुर नाका के समीप तालाब परिसर में लाखों रुपए खर्च कर समतलीकरण एवं सीमेंट कांक्रीट का कार्य कराया' और हाट बाजार वहां शिफ्ट किया गया। लेकिन सीमेंट कांक्रीट स्थल के अलावा खाली पड़ी जगह पूरी तरह अव्यवस्थित है। साथ ही 'हाट बाजार में प्रवेश करने वाले मुख्य रास्तों पर' भी ठेले बेतरतीब लग जाते हैं, जिससे प्रवेश और निकासी में जाम लग रहा है। व्यापारियों और आमजन ने प्रशासन से हाट बाजार में दुकानों की लाइन, ठेलों के लिए निर्धारित स्थान एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने की मांग की है, ताकि पुरानी समस्या दोबारा न उभरे।

# लेफ्टिनेंट दुर्गेश सिंह राठौड़ का नगर में भव्य स्वागत

**नरसिंहगढ़।** भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनने पर दुर्गेश सिंह राठौड़ का भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से नरसिंहगढ़ तक विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। पूरे मार्ग में भारत माता की जय तथा जय



जवान-जय किसान के नारों से माहौल देशभक्ति से सराबोर रहा। स्वागत रैली भोपाल, श्यामपुर, कुरावर, झाड़ला जोड़, तीजबड़ली, बड़बेली बिहार, बड़ोदिया तालाब, गांधीग्राम, संजयनगर, बस स्टैंड, छतरी चैराहा, बाराद्वारी, जमात मंदिर, संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल एवं सूरजपोल होते हुए राजपूत सभा भवन पहुंची। राजपूत सभा भवन में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष ठाकुर मदरूप सिंह सोनगरा एवं तहसील अध्यक्ष ठाकुर प्राणपाल सिंह राजावत ने साफा बांधकर लेफ्टिनेंट राठौड़ का सम्मान किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष कुंवर हिंदू सिंह झाला, करणी सेना जिलाध्यक्ष मयंक सिंह राजावत, किशोर सिंह राठौड़, कमल सिंह गोड, भंवर सिंह सोनगरा, डॉ. मोहन सिंह मकवाना, गोविंद सिंह मकवाना, किशोर सिंह सोलंकी, छत्रपाल सिंह , पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मंजूलता शिवहरे, बृजपाल सिंह बना, दिनेश पटेल, गोप चैहान, कैलाश पटेल, सोहन सिंह परिहार, देवेंद्र प्रताप सिंह, नरेंद्र प्रताप सिंह, हरेंद्र प्रताप सिंह, पृथ्वीराज सिंह, नवीन राज सिंह, भगवान सिंह सोलंकी, बबलू व्यास, जगदीश सिंह चैहान, महेंद्र सिंह परिहार सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## शासकीय महाविद्यालय में योगाभ्यास का आयोजन



**जीरापुर।** उच्च शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. हिमांशु चास्टा की अध्यक्षता में योगाभ्यास का आयोजन किया गयइं कार्यक्रम प्रभारी मुकेश कुमार दांगी के मार्गदर्शन में योगाभ्यास कार्यक्रम में सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम एवं विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। योगाभ्यास से शारीरिक लाभ एवं स्वास्थ्य को होने वाले फायदे पर जानकारी दी गई।

# कुंडालिया परियोजना की पाइपलाइन फूटी सड़क पर बहा पानी, लोगों ने धोए वाहन

### काफी देर तक पानी सड़क पर बहता रहा, आवागमन भी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के रेलवे स्टेशन क्षेत्र के समीप बुधवार को कुंडालिया परियोजना की पानी सप्लाई लाइन में अचानक लीकेज होने से बड़ी मात्रा में पानी सड़क पर बहने लगा। जानकारी के अनुसार कुंडालिया परियोजना के अंतर्गत बिछाई गई पाइपलाइन से क्षेत्र के छोटे-बड़े तालाबों में समय-समय पर पानी छोड़ा जाता है।



इसी क्रम में रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक तालाब को भरने के लिए लाइन खोली गई थी, लेकिन इसी दौरान पाइपलाइन में लीकेज हो गया और पानी तालाब तक पहुंचने के बजाय सड़क एवं आसपास के क्षेत्र में फैल गया। सड़क किनारे फव्वारे की तरह पानी निकलता देख राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। कई लोग इस नजारे को देखने के लिए रुक गए, वहीं कुछ वाहन चालकों ने मौके का फायदा उठाते हुए अपनी कार और दोपहिया वाहन पानी के पास खड़े कर धुलवाए। काफी देर तक पानी सड़क पर बहता रहा, जिससे आवागमन भी प्रभावित हुआ। मामले की जानकारी लेने के लिए संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल फोन रिसीव नहीं होने से उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका।

## स्थानीय अधिवक्ताओं ने बधाई दी

# अभिभाषक संघ से तरुण श्रीवास्तव निर्विरोध सहसचिव चुने गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला अभिभाषक संघ राजगढ़ के आगामी चुनावों को लेकर चल रही चुनावी प्रक्रिया में सहसचिव पद के लिए तस्वीर साफ हो गई है। नामांकन जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि 15 जून को अधिवक्ता तरुण श्रीवास्तव ने सहसचिव पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया था। नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद, सहसचिव पद के लिए केवल अधिवक्ता तरुण श्रीवास्तव का ही नामांकन वैध पाया गया। अन्य किसी दावेदार के मैदान में न होने के कारण श्रीवास्तव को सहसचिव पद पर ''निर्विरोध निर्वाचित'' घोषित किया गया।

उल्लेखनीय है कि जिला अभिभाषक संघ राजगढ़ के चुनावों के लिए मतदान और मतगणना की



तिथि 30 जून निर्धारित की गई है, लेकिन सहसचिव पद पर निर्विरोध चयन से मतदान की आवश्यकता नहीं रहेगी। संघ के अन्य पदों के लिए चुनावी प्रक्रिया पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी रहेगी। श्रीवास्तव के निर्विरोध निर्वाचन पर स्थानीय अधिवक्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

# दिव्यांगजनों को मिले कृत्रिम पैर ट्रायसिकल और श्रवण यंत्र

### महिलाओं को 43 लाख के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

जनपद स्तरीय जनकल्याण शिविर के समापन अवसर पर प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने दिव्यांगजनों को विभिन्न सहायक उपकरण वितरित कर उन्हें आत्मनिर्भर जीवन की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग एवं जनपद पंचायत द्वारा परीक्षण के बाद पात्र दिव्यांगजनों को कृत्रिम पैर, ट्रायसिकल, श्रवण यंत्र, सपोर्ट बेल्ट सहित अन्य आवश्यक उपकरण प्रदान किए गए।

इस अवसर पर मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि राज्य सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन समाज की शक्ति हैं और उन्हें सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास'' मंत्र का उल्लेख करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। शिविर में महिला सशक्तीकरण को भी विशेष महत्व दिया गया। विभिन्न स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को स्वरोजगार के लिए लगभग 43 लाख रुपये के स्वीकृत ऋण पत्र वितरित किए गए। महिलाओं ने गौपालन एवं दुग्ध उत्पादन जैसे रोजगारों में रुचि दिखाई, जिस पर मंत्री ने उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# जनकल्याण शिविर के तृतीय दिवस पर जागरूकता गतिविधियां आयोजित



**राजगढ़।** जनकल्याण शिविर के तृतीय दिवस पर विकासखंड राजगढ़ के परायण चौक में विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना तथा नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाना रहा। शिविर में अहिंसा वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से ग्रामीण छोटे बच्चों द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं इसके विरुद्ध कानूनी प्रावधानों की जानकारी प्रभावी ढंग से दी गई। इसके पश्चात स्वास्थ्य विभाग द्वारा जीवनरक्षा तकनीक सीपीआर विषय पर नाट्य प्रदर्शन किया गया। प्रस्तुति के माध्यम से आमजन को आपातकालीन परिस्थितियों में सीपीआर तकनीक के महत्व एवं इसके उपयोग की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी की सहभागिता से बच्चों द्वारा नशा मुक्ति विषय पर भी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों को दर्शाते हुए लोगों को नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। शिविर में उपस्थित नागरिकों ने प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए सामाजिक जागरूकता से जुड़े ऐसे कार्यक्रमों को उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया गया।

# भव्य कलश यात्रा के साथ भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

मन्दिर जमात महंत गोलोकवासी नंदराम दास महाराज की पुण्य स्मृति में आयोजित द्वितीय वर्ष के श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार को भव्य जल कलश यात्रा के साथ हुआ।

मां शीतला माता मंदिर से कथा व्यास डॉ. सच्चिदानंद शर्मा के मार्गदर्शन में मुख्य यजमान नमिता-महेश अग्रवाल, सोना सिंह एवं नवदीप बना द्वारा विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया गया। इसके पश्चात नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर कथा स्थल मंदिर श्री जमात पहुंची। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों ने पुष्पवर्षा, जलपान तथा साफा एवं हार-माला पहनाकर कथा आचार्य एवं संत-महंतों का स्वागत किया। पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला।

यात्रा में नपाध्यक्ष कविता लोकेन्द्र वर्मा, विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र परमार, बीके गुप्ता, मंजुलता शिवहरे, महंत दीपेंद्र दास, महंत चंद्रमादास जी, पं. लोकेन्द्र मिश्रा, सुरेश शास्त्री, अमरनाथ शर्मा, मनोज दीक्षित, रामदास, विनोद मेहता, प हर्षित वैष्णव सहित अनेक संत-महंत, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक शामिल हुए। मंदिर श्री जमात महिला मंडल विशेष पीतांबर परिधान धारण कर कलश यात्रा में शामिल हुई।

## भाजपा के खिलाफ कांग्रेस का धरना, विकास कार्यों को स्वीकृति नहीं देने का आरोप

# जनहित से जुड़ी चार प्रमुख मांगों को लेकर आंदोलन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

नगर पालिका परिषद नरसिंहगढ़ के साथ राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कथित भेदभावपूर्ण व्यवहार के विरोध में गुरुवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह के नेतृत्व में ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने नपा परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा नगर पालिका की जनहितकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों को पर्याप्त स्वीकृति और आर्थिक सहयोग नहीं दिया जा रहा है, जिससे शहर के विकास और नागरिक सुविधाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। धरने को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि नगर पालिका परिषद द्वारा जलकर की राशि 200 रुपये प्रतिमाह से घटाकर 100 रुपये किए जाने का प्रस्ताव चार वर्ष पूर्व शासन को भेजा गया था, लेकिन आज तक उसे मंजूरी नहीं मिली। इसी प्रकार शहर के गरीब एवं पात्र परिवारों को आवासीय पट्टे



उपलब्ध कराने के लिए तीन हजार से अधिक आवेदन शासन को भेजे गए थे, जिनमें से केवल 109 हितग्राहियों को ही पट्टे आवंटित किए गए हैं। कांग्रेस ने सभी पात्र हितग्राहियों को शीघ्र पट्टे दिए जाने की मांग उठाई।

### अधूरे विकास कार्यों के लिए राशि जारी करने की मांग

धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि नगर पालिका द्वारा स्वीकृत कई विकास कार्य पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण अधूरे पड़े हैं, जिससे नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस ने मांग की कि इन सभी कार्यों के लिए आवश्यक धनराशि तत्काल जारी की जाए ताकि शहर में विकास कार्यों को गति मिल सके। साथ ही नगर पालिका को प्रतिमाह मिलने वाले अनुदान में की गई कटौती को वापस लेकर पूर्व की तरह पूर्ण राशि उपलब्ध कराने की भी मांग की गई।

### एक माह का अल्टीमेटम भोपाल में आंदोलन की चेतावनी

कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन के माध्यम से राज्य शासन को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि एक माह के भीतर उक्त मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आगामी मानसून सत्र के दौरान भोपाल स्थित नगरीय प्रशासन सचिवालय के समक्ष व्यापक धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## 6 साल की मासूम बच्ची के साथ रेप...

# पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया, जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

नगर के थावरिया बाजार में एक 6 साल की उम्र की नाबालिग बच्ची के साथ रेप का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक 16 जून की शाम लगभग 4 बजे पीड़ित मासूम बच्ची अपनी सहेली के साथ दिनेश सेन 25 वर्ष की खिलौने की दुकान पर खिलौने लेने गई थी, खिलौने लेकर दोनों बच्चियां वापस अपने घर आ गई, लेकिन पीड़ित मासूम बच्ची लगभग शाम 6:00 बजे अकेली दुकान पर पुनः और खिलौने लेने पहुंची। आरोप है कि इसी दौरान दुकान संचालक दिनेश सेन ने मासूम बच्ची के साथ अशोभनीय




गलत काम किया, जब पीड़ित बच्ची के प्राइवेट पार्ट में दर्द हुआ तो घर पर परिजनों को रोते हुए पीड़िता ने अपना दर्द बताया। तब परिजनों की पूछताछ पर पीड़िता ने दुकान संचालक द्वारा की गई हरकत के बारे में बताया, तब परिजन शिकायत लेकर थाने पहुंचे, पुलिस ने जांच कर आरोपी दिनेश सेन के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत तथा भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा में प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी दिनेश सेन को जेल भेज दिया।

## खबर संक्षेप

### ससंघ के सानिध्य में निकाली शोभायात्रा

**सीहोर।** जैन धर्म के प्रमुख एवं पावन पर्व श्रुत पंचमी महोत्सव के पावन अवसर पर शुक्रवार को नगर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह मंदिर में भगवान के विधिवत अभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन किया गया। इसके पश्चात जिनवाणी माता को विशेष रूप से सुसज्जित कर चांदी के सिंहासन एवं चांदी की थाली में विराजमान कर। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्ति के साथ जिनवाणी माता का अर्घ्य समर्पित कर ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर श्रावक श्राविकाए गांधी पार्क स्थित भगवान महावीर स्मारक कीर्ति स्तंभ पंहुचकर श्रध्दालुओ ने आचार्य विभवसागर महाराज ससंघ के मंगल प्रवेश पर भव्य भक्ति भाव से पद प्रच्छालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया । तत्पश्चात जिनवाणी माता की भव्य शोभायात्रा परंपरानुसार बैड बाजे , ढोल-ढमाकों, के साथ भजन-कीर्तन और जयघोषों के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रावक-श्राविकाएं एवं धर्मप्रेमी जन शामिल हुए। शोभायात्रा में महिलाएं केसरिया साड़ी धारण कर तथा पुरुष वर्ग सफेद धोती-दुपट्टे में सुसज्जित होकर शामिल हुआ। मस्तक पर जिनवाणी माता को धारण कर भजन गाए।

### डेयरी प्लस योजना के 10 हितग्राहियों को विधायक ने वितरित की 20 भैंस

# दुग्ध उत्पादन भी किसानों की आय में वृद्धि का एक प्रमुख जरिया बनेगा: गोपालसिंह

क्षेत्र के पशुपालकों की आय में वृद्धि करना तथा प्रदेश में दूध उत्पादन को प्रोत्साहित करना योजना का है उद्देश्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मध्य प्रदेश शासन की मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना,पशुपालन एवं डेयरी विभाग की एक ऐसी योजना है, जिसका उद्देश्य राज्य में दुग्ध उत्पादन बढ़ाना तथा लघु एवं सीमांत पशुपालकों को उच्च उत्पादन क्षमता वाले पशु उपलब्ध कराना है। इस योजना का एक उद्देश्य मप्र में श्वेत क्रांति लाना भी है। दुग्ध उत्पादन हमारे किसान भाइयों की आय में वृध्दि का जरिया बने, शासन की यह भी मंशा है उक्त उदगार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आज पशुपालन विभाग द्वारा आयोजित डेयरी प्लस योजना के 10 हितग्राहियों को भैंस वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सभी हितग्राहियों का स्वागत सम्मान कर दो-दो मुर्रा भैंस वितरित की। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बताया कीइस योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को मुर्रा नस्ल की भैंस उपलब्ध कराई जाती है। चयनित पात्र हितग्राहियों को 2 मुर्रा भैंसों की खरीद पर अनुदान (सब्सिडी) दिया जाता है। सामान्यतः इस योजना में सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियों को 50 प्रतिशत की सब्सिडी एवं अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को 75 प्रतिशत तक सब्सिडी का प्रावधान बताया गया है । जो लाभार्थी वर्ग के अनुसार अलग हो सकता है। विधायक ने कहा कीयोजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओ के लिये रोजगार बढ़ाना, पशुपालकों की आय में वृद्धि करना तथा प्रदेश में दूध उत्पादन को प्रोत्साहित करना है। पशु चिकित्सक डॉ विनोद शुक्ला ने बताया की अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को योजना में 75 प्रतिशत एवं सामान्य व पिछड़ावर्ग के हितग्राहियों को 50 प्रतिशत सब्सिडी सरकार द्वारा दी जायेगी शेष राशि हितग्राहियों को जमा कराई गई है । इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, नगर भाजपा अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया,नगर महामंत्री मोहित सोनी,युवा भाजपा नेता सौरभ जैन शीतल जितेंद्र सोलंकी, दिनेश पंवार,डॉ विनोद शुक्ला विशेष रूप से उपस्तिथ रहे। पशु चिकित्सक डॉ विनोद शुक्ला ने बताया की आज मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना के तहत आष्टा विधानसभा क्षेत्र के चयनित हितग्राही अनिल कुमार मालीखेड़ी, जसपालसिंह वीसुखेड़ी, देवराज नवरंगपुर, दिनेश कुमार गोखेड़ी, विनोद मालवीय दोनिया, राजेन्द्र खाचरौद,देवकरण कन्नौद, जितेंद्र सोलंकी डाबरी, दीपक खाचरोद, तेजसिंह अरनिया राम को विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सभी हितग्राहियों को मुर्रा भैंस सौपी एवं बधाई दी।

# संयुक्त सचिव ने ग्राम खड़ी हाट का भ्रमण किया

ग्रामीणों से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

संयुक्त सचिव ,जल शक्ति मंत्रालय ,भारत सरकार ,नई दिल्ली एवं स्वच्छ भारत मिशन की मिशन डायरेक्टर ऐश्वर्या सिंह, राज्य स्वच्छ भारत मिशन -ग्रा. भोपाल के मिशन डायरेक्टर दिनेश जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ज़िला पंचायत सीहोर सर्जना यादव, उपायुक्त राज्य स्वच्छ भारत मिशन नीरजा उपाध्याय, प्रज्ञा भारती द्वारा ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम पंचायत-खड़ी हाट में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु निरंतर किए जा रहे घर -घर कचरा संग्रहण कार्य, सेग्रीगेशन शेड का निरीक्षण, ग्रे वॉटर प्रबंधन हेतु डिवाट्स संरचना का निरीक्षण, वृक्षारोपण कार्य, घरेलू और संस्थागत शौचालयों की नियमित सफाई हेतु वॉश ऑन व्हील सेवा के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति, स्वच्छता साथियों से डब्ल्यूओडब्ल्यू ऐप पर ऑनलाइन बुकिंग पर चर्चा ,पेयजल की वर्तमान व्यवस्था ,पेयजल एवं स्वच्छता कर की वसूली से संचालन -संधारण कार्य ,ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति सदस्यों एवं अन्य ग्रामीणों से चर्चा ,ग्राम पंचायत के सफ़ाई कार्य में संलग्न आरती स्व सहायता समूह -सिद्धिकगंज की महिला सदस्यों से अनुबंध संबंधी विस्तृत जानकारी ली गई एवं ओडीएफ प्लस के निरंतरता एवं गुणवता को बनाये रखने के लिए सामुदायिक स्वच्छता परिसर का निरीक्षण किया गया तथा स्वच्छतावों साथी एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य के साथ ऐप का लाइव डेमो भी किया गया। जिसके दौरान ऐप की सम्पूर्ण प्रक्रिया को समझा गया। भ्रमण के दौरान स्वच्छता साथियों से संवाद कर स्वच्छता संबंधी कार्य के दौरान आने वाली चुनौतियों को जाना, साथ ही ग्रामीणों ने सिंगल यूज पॉलिथीन के पूर्णतः रोकथाम के लिए प्रशासनिक अधिकारियों से निवेदन किया। उन्होंने बताया गांव के जल स्त्रोतों, खेतों, नदी -तालाबों एवं नालियों में पॉलीथिन के संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। यह स्वच्छता को बनाए रखने में सबसे बड़ी समस्या है। ऐश्वर्या सिंह ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त ग्राम बनाने के लिए निरन्तर जागरूकता अभियान चलाने की बहुत आवश्यकता है ,भ्रमण के दौरान स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं एमपीआरडीसी के सहयोग से इंदौर -भोपाल हाईवे पर स्थित जवार जोड़ स्थित डिवाइडर पर फैलीं पॉलिथीन/कचरे के ढेर को उठाने के लिए संचालित जटायु वाहन का निरीक्षण किया। उक्त भ्रमण कार्यक्रम में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनित कुमार व्यास, सहायक यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से सहायक यंत्री, स्वच्छ भारत मिशन के ब्लॉक समन्वयक गौरव सिंह राठौड़, सरपंच ग्राम पंचायत खड़ी हाट मनोहर पटेल, सचिव आशीष वर्मा, ग्राम रोजगार सहायक भादर सिंह, स्वच्छता साथी नवीन डुमाने एवं कुलदीप वैद, पदाधिकारीगण एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# संगठन की मजबूती के लिए आपसी संवाद बहुत जरूरी: कमलेश कुमार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बहुजन समाज पार्टी की जलसा गार्डन दोराहा में बैठक का आयोजन किया गया बैठक में मुख्य अतिथि जियालाल अहिरवार प्रदेश प्रभारी मुख्य अतिथि रहे और विशेष अतिथि एड. कमलेश कुमार जोन प्रभारी रहे। आयोजित हुई बैठक में श्री अहिरवार ने विधानसभा के संगठन की समीक्षा की ओर विधानसभा को चार भागों में बांटकर विस के पदाधिकारियों को कार्य आवंटित किया और सेक्टर पोलिगों पर समर्पित और मजबूत कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने के निर्देश दिए।

इस मोके पर विशेष अतिथि कमलेश कुमार ने प्रत्येक पदाधिकारी आपस में सतत संवाद बनाए और आपस में चर्चा कर संगठन हित में कार्य करें इस मौके पर जिला अध्यक्ष संजीव बौद्ध ने विधानसभा कमेटी की समीक्षा करें पार्टी के प्रवेश पदाधिकारी अनोखी लाल मालवीय, धनराज सिंह थरेले, वीरू जाटव, धर्मेंद्र सिंह, हरि नारायण हिंडोलिया, कचनारिया लक्ष्मी नारायण अहिरवार, बंटी जाटव, थान सिंह अहिरवार, आईएस सोलंकी, कृपाल अहिरवार कमल कोरवे आदि कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पीड़ित मानवता की सेवा करना ही, सबसे बड़ा धर्मः जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व जननायक, करोड़ों देशवासियों की आवाज़, सत्य, साहस, सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करने वाले रायबरेली के सांसद, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता राहुल गांधी जी के जन्मदिन के अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में सीहोर जिला चिकित्सायल स्थित ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान कर पीड़ित मानवता की सेवा का परिचय देते हुए जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती सहित अनेकों युवाओं ने रक्तदान कर श्री राहुल गांधी का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर श्री गुजराती ने सभी को राहुल गांधी के जन्मदिन के शुभकामनाऐं देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व जननायक, करोड़ों देशवासियों की आवाज़, सत्य, साहस, सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करने वाले देश के युवाओं, किसानों, मजदूरों, वंचितों और आम नागरिकों को नई उम्मीद और शक्ति प्रदान करने वाले। विपरीत परिस्थितियों में भी जनता की आवाज़ बनकर खड़े रहकर अटूट संकल्प लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने वाले शराहुल गांधी के जन्मदिन की आप सबको बधाई। गांधी के जन्मदिन के अवसर उपस्थित कांग्रेसजनों में प्रमुख रूप से प्रीतम दयाल चौरसिया, राजेन्द्र वर्मा, राजाराम बड़े भाई, विवेक राठौर, घनश्याम यादव, रमेश गुप्ता, सुनील दुबे, रामायण प्रसाद शुक्ला घनश्याम मीणा, के.के.रिछारिया, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, पंकज शर्मा, गजराज परमार, सर्वेश व्यास, विक्की विश्वकर्मा, तनिष्क त्यागी, शुभम त्यागी, अनुभव सेन, जितेन्द्र परमार, अरबाज खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### देवास में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 22 को

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में "देवास जॉब पोर्टल" के माध्यम से जिले के युवाओं को निजी संस्थाओं में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 22 जून को 11 से 3 बजे तक रोजगार कार्यालय चामुण्डा कॉम्पलेक्स चतुर्थ मंजिल में किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में 5वीं पास, आईटीआई डिप्लोमा तथा स्नातक तक की योग्यता वाले आवेदकों को निजी संस्थाओं में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। रोजगार मेले में देवास से वी.ई कमर्शिलयल, भारतीय जीवन बीमा निगम, आईपीएस कॉन्ट्रेक्टर, एम काशिफ कान्ट्रेक्टर देवास एवं मॉ चामुण्डा देवास, वीर विजय हनुमान मैनेजमेंट द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के लिए भर्ती की जाएगी।

# आरोपः नपा कर्मचारी की मनमानी के कारण पेयजल समस्या से जूझ रहे दो वार्ड के लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



गर्मी के मौसम की विदाई लगभग हो गई है, वही मानसून ने भी दस्तक दे दी है। इसके बावजूद भी नगर के कई क्षेत्रों में विकट पेयजल समस्या बनी हुई है। नपा की जल शाखा एक दिन छोड़कर लोगों को नलों से पानी देने की बात कह रही है, लेकिन इसके उलट जल शाखा के कर्मचारी जानबूझकर लोगों को पानी के लिए तरसा रहे है। मामला वार्ड 35 और 30 का है। तिलक पार्क से दोनों वार्ड में पानी की सप्लाई होती है, लेकिन नपा कर्मचारी चंदू राजपूत की मनमानी के चलते दोनो वार्ड के लोग परेशान है, वार्ड के सुशिला मालवीय, धर्मेन्द्र वर्मा, मोहन राठौर, राकेश भावसार, मंजू शर्मा ने बताया कि नगर में एक दिन छोड़कर नल से सप्लाई की जा रही है, लेकिन हमारे क्षेत्र में सप्ताह में एक या दो बार ही सप्लाई की जा रही है। वही नपा कर्मचारी दादागिरी कर बोलता है, मेरी मर्जी होगी तब नल चालु करूंगा, जिसे जहा शिकायत करनी हो कर दो। नपा कर्मचारी की मनमानी के चलते वार्ड के नागरिक पानी के लिए परेशान हो रहे है। वही तिलक पार्क में लगे सरकारी नल भी ज्यादातर बंद ही रहते है, जिस कारण भी लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। वही मामले में जल शाखा प्रभारी विजय कोहली ने बताया की एक दिन छोड़कर पानी की सप्लाई की जा रही है। तिलक पार्क टंकी के पास बोर में पानी कम हो गया है, पार्वती और बौर का पानी मिक्स कर के दिया जा रहा है। इस कारण समस्या आ रही है। बाकी कर्मचारी को निर्देश दिया जाएगा की नागरिकों को परेशानी न हो।

# पुलिस की पकड़ से दूर चोर, छतरपुरा के युवाओं ने संभाली गांव की सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



बागली थाना क्षेत्र के ग्राम छतरपुरा में 1 जून को हुई लाखों रुपये की चोरी की वारदात के बाद ग्रामीणों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। घटना को 15 दिन से अधिक समय बीत जाने के बावजूद पुलिस अभी तक अज्ञात चोरों का कोई सुराग नहीं लगा पाई है। ऐसे में गांव के युवाओं ने स्वयं आगे आकर गांव की सुरक्षा का जिम्मा संभाल लिया है।गांव के युवा प्रतिदिन रात्रि में समूह बनाकर पूरे गांव में गश्त कर रहे हैं। युवाओं का कहना है कि चोरी की घटना के बाद गांववासियों में चिंता का माहौल है, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए यह पहल शुरू की गई है।युवा सुनील पाटीदार ने बताया कि गांव की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए करीब 15 युवाओं की टीम बनाई गई है। सभी युवाओं को अलग-अलग समूहों में बांटकर गश्त की जिम्मेदारी दी गई है। प्रत्येक समूह के गश्त के दिन निर्धारित किए गए हैं, ताकि नियमित रूप से पूरे गांव की निगरानी की जा सके।गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व गांव के कृषक तिलोकचंद पाटीदार के घर बड़ी चोरी की वारदात हुई थी, जिसमें लाखों रुपये नकद एवं जेवरात चोरी हो गए थे। घटना का अब तक खुलासा नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है।रात्रि गश्त के दौरान युवा टॉर्च और डंडों के साथ बाइक से गांव के विभिन्न मार्गों और मोहल्लों की निगरानी कर रहे हैं। नयापुरा रोड से लेकर बागली रोड तक लगातार गश्त की जा रही है। गांव से गुजरने वाले संदिग्ध और अपरिचित व्यक्तियों से पूछताछ भी की जा रही है।ग्रामीणों का कहना है कि यह पहल पूरी तरह स्वप्रेरणा से शुरू की गई है, जिसमें गांव के सभी लोगों का सहयोग मिल रहा है।

### श्री चंद्र प्रभु मंदिर से श्रुत पंचमी पर निकली जिनवाणी माता की शोभायात्रा निकाली

# धर्म आराधना का दिया संदेश, शोभायात्रा जगह-जगह किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जैन धर्म के प्रमुख एवं पावन पर्व श्रुत पंचमी महोत्सव के पावन अवसर पर शुक्रवार को नगर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। नगर के श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर, गंज से जिनवाणी माता की भव्य शोभायात्रा परंपरानुसार। ढोल-ढमाकों, भजन-कीर्तन और जयघोषों के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रावक-श्राविकाएं एवं धर्मप्रेमीजन शामिल हुए। सुबह मंदिर में भगवान के विधिवत अभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन किया गया। इसके पश्चात जिनवाणी माता को विशेष रूप से सुसज्जित कर चांदी के सिंहासन एवं चांदी की थाली में विराजमान कर शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्ति के साथ जिनवाणी माता का अर्घ्य समर्पित कर ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। शोभायात्रा में महिलाएं केसरिया साड़ी धारण कर तथा पुरुष वर्ग सफेद धोती-दुपट्टे में सुसज्जित होकर शामिल हुआ। विशेष आकर्षण यह रहा कि महिला एवं पुरुष श्रद्धालु अपने मस्तक पर जिनवाणी माता को सम्मानपूर्वक धारण कर भजन गाते हुए चल रहे थे। ढोल-नगाड़ों की मधुर ध्वनि, धर्मध्वजाएं और ₹जिनवाणी माता की जय₹ के उद्‌घोष से पूरा वातावरण धर्ममय हो उठा। नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली इस शोभायात्रा में जिनवाणी का विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा नमन किया गया। श्रद्धालुओं ने धर्म, ज्ञान और संस्कृति की इस अनुपम परंपरा का भावपूर्वक दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। शोभायात्रा पुनः मंदिर परिसर पहुंची, जहां जिनवाणी माता की भव्य आरती एवं मंगल दीप प्रज्वलन किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने जिनवाणी के संरक्षण, अध्ययन और उसके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने बताया कि श्रुत पंचमी जैन धर्म में ज्ञान, आगम साहित्य और जिनवाणी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का महापर्व माना जाता है। यह दिवस हमें स्मरण कराता है कि जिनवाणी केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानवता को सत्य, अहिंसा, संयम और सदाचार का मार्ग दिखाने वाली अमूल्य धरोहर है। वर्तमान समय में जब संस्कार और मूल्यों का क्षरण हो रहा है, तब जिनवाणी का अध्ययन समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान कर सकता है। इस अवसर पर मंदिर समिति के राजेंद्र गंगवाल,दिलीप सेठी , सुमित कासलीवाल,अंकित जैन ने शोभायात्रा में सहभागी बने सभी श्रद्धालुओं, महिलाओं, युवाओं एवं समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि धर्म आराधना, स्वाध्याय और संस्कारों के संरक्षण के लिए ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने का कार्य करते हैं। उन्होंने सभी से निरंतर धर्म के मार्ग पर चलकर पुण्य अर्जित करने तथा आने वाली पीढ़ियों को भी जिनवाणी के महत्व से परिचित कराने का आह्वान किया। श्रुत पंचमी महोत्सव के इस प्रेरणादायी आयोजन ने नगर में आध्यात्मिक चेतना का संचार करते हुए ज्ञान, श्रद्धा और संस्कारों के संरक्षण का संदेश दिया।

# मानव अधिकार ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने ट्रामा सेंटर का निरिक्षण किया




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मानव अधिकार ट्रस्ट के पदाधिकारियों को शिकायत मिलने पर ट्रामा सेंटर और मेटरनिटी वार्ड का निरिक्षण कर वहाँ भर्ती मरीजों के परिजनों से चर्चा की, जिससे वहाँ विभिन्न समस्याऐं मालूम हुई। डिलेवरी वाली महिलाओं के परिजनों से पैसे की मांग करना और पैसे ना देने पर वहाँ के कर्मचारियों द्वारा मरीज के परिजनों से अभद्र व्यवहार करना। साथ ही जच्चाओं के बेड पर बेडशीट उपलब्ध ना होना। एवं वहाँ की साफ-सफाई पर भी संज्ञान लिया। इसके पश्चात ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा सिविल सर्जन एवं वार्ड इंचार्ज मेडम से चर्चा कर उन्हें सभी समस्याओं से अवगत कराया। इस मौके पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों में महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती अरूण पंवार, जिलाध्यक्ष रमाकान्त शर्मा, प्रदेश महामंत्री सोहन वर्मा, उपाध्यक्ष सुनील वर्मा, सदस्य राजन वर्मा, ब्रजेश शर्मा आदि मौजूद रहे।